हं, त, अ। ये तीनों वर्ण पूछने वाले के मनके भाव साफ प्रगट कर रहे हैं। हे पृच्छक! तू लोभ में फसकर परधन चाहता है, यह अच्छा नही। तू सतोष को धारण कर लोभ को त्याग कर जो होनहार है होकर रहेगा। परन्तु कुछ समय बाद तेरे पुण्य का उदय है, उस समय तेरा कल्याण होगा, तब तक तू वीतराग भगवान की आराधना कर।

हं, त, र। तेरे मन मे दूसरे के धन की आशा लगी है, तू चाहता है वह तुझे मिलेगा। धनकी प्राप्ति, यशकी वृद्धि का समागम होगा और तेरा गया हुआ धन भी पुन. मिलेगा। इस प्रकार हे सज्जन! तू जो भी विचारता है तेरा सब मनवांछित प्राप्त होगा। ऐसा समझकर हृदय की चिन्ता दूर कर दांन पुण्य आदि शुभ कार्यों को कर।

हं, त, हं। हे पूछने वाले! तेरा मन खोटे कर्मों मे लगा हुआ है, तू चोरी से, जुए से, सट्टे से धन चाहता है तू दुःख पाता है, बदनाम हो रहा है और तेरा विश्वास उठ गया है। अब तू इस मार्ग को छोड दे और ठीक मार्ग पर इच्छित कार्य पूरा होगा।

हं, त, त। हे मित्र! तेरे मन मे जो धन, धान्य तथा सुख सम्पत्ति से भरे हुए

घरकी चाह है वह सफल होगी। तू चिन्ता का त्याग कर विदेश जा। वहा तुझे मन्त्र, सम्मोहन एव और भी जितनी विद्याएँ हैं सब प्राप्त होगी। उनसे तेरे मनकी अभिलाषा पूर्ण होगी।

अथ तकरादि चतुर्थ प्रकरण

त, अ, अ। हे पूछने वाले! यह पासा बतलाता है कि यदि तू देव पूजा, दान पुण्यादि पवित्र कार्य करेगा तो तुझे सब लाभ की प्राप्ति होगी। जैसे बीज के बिना वृक्ष नही होता, वैसे ही बिना पुण्य के सुख प्राप्त नही होता। तुझे पुत्र, पौत्र, धन, धान्य का लाभ और व्यापार मे धन लाभ होगा। लडाई मे विजय होगी।

त, अ, र। हे भाई! तेरा प्रश्न मध्य फलदाता है। तुम्हारे हृदय मे जिस स्त्री या पुरुष की चाह है, उसको छोड दो तथा त्याग दो क्योंकि स्त्री पुरुष, धन कुटुम्ब आदि होनहार के आधीन हैं। प्रभु भक्ति मे मन लगा, कुछ समय बाद तुम्हे पर्याप्त धन लाभ होगा।

त, अ, हं। हे प्रश्नकर्त्ता! तेरे मन मे दिन रात धन की चाह रहती है या नही? परन्तु भाई! बिना पुण्य के मिले कैसे? तेरे ये दिन बुरे हैं। लेकिन दुखी मत हो, और जिनदेव की आराधना कर भक्ति मे तल्लीन होजा, तेरा शुभोदय शीघ्र ही होगा। उस समय अचानक धन लाभ होगा।

त, अ, त। हे भाई! प्रसन्न होकर सुन, तेरे हृदय मे जो परदेश गमन तथा तीर्थयात्रा की इच्छा है तथा तेरे शरीर मे जो रोग या पीडा है वह एक महीने में दूर होगी और इच्छानुसार धन लाभ होगा। तुझे सब प्रकार के आनन्द प्राप्त होगे। तू बीच का यह एक महीने का समय श्री वीर प्रभु की सेवा मे लगा।

त, र, अ। तुम्हारा डाला हुआ यह पासा प्रकट करता है कि तुझे धन की चिन्ता है, और इसलिए तुम परदेश गमन करना चाहते हो। अत हे सज्जन तुम जाओ। तुम्हे वहा धन का लाभ, वस्त्र, आभूषण स्त्री पुत्रादि की प्राप्ति होगी। माता, पिता और बन्धु का समागम होगा। यह सब गुरु सेवा का फल है। इसलिए हे भाई! तुम आगे भी वीतराग भगवान की मन लगाकर सेवा करते रहो, इसी मे तुम्हारा कल्याण है।

त, र, र। हे पृच्छक! तुम्हारी चिन्ता तुम्हारे पासे से ही प्रकट होती है। तुम्हारे घर मे दरिद्रता ने पैर जमाये हैं, अत तुम रात दिन धन की चिन्ता करते हो और उसी के उपाय भी करते हो, किन्तु अभी ३ वर्ष तक तुम्हारा शुभका उदय नही। अत इस समय के बाद ही तुम्हे सुखकी सामग्री प्राप्त होगी, उसी समय तुम किसी अन्य नये कार्य मे मन लगाना। उसी से तुम्हे लाभ और यश मिलेगा।

त, र, हं। हे सज्जन! यह बहुत शुभ पासा है। इसके प्रताप से तुझे सब कल्याण की सामग्री मिलेगी। जिनेन्द्र भगवान की सेवा के प्रभाव से सब विघ्न बाधाएँ पल भरमे दूर होगी। धन, पुत्र, युद्ध मे विजय, भाइयो के साथ प्रेम बढेगा। घरमे लडाई झगडे न होगे। तुम्हारे सारे पाप, सन्ताप दूर होकर कल्याण की प्राप्ति होगी। तुम इस सुखको स्थायी बनाने के लिए भगवान की आराधना करते रहो।

त, र, त। यह बहुत अच्छा शकुन है। तुम्हारा मन धन की चिन्ता मे दुखी है, बहुत दिन से तुम चिन्ता कर रहे हो पर अब अच्छा समय आ गया है। तुम्हे सुखकी सामग्री, प्रियजनो का समागम धन लाभ होगा। यदि परदेश गमन करो तो बहुत अधिक लाभ हो। वाद विवादमे जीत, सभ्य समाज मे मान और प्रतिष्ठा मिलेगी। देव गुरु धर्म पर अटल श्रद्धा रखो।

त, हं, अ। पासा डालने पर जब ये तीन वर्ण पडे तो बडा लाभ हो। सारे विघ्न और सकट दूर हो, जहा भी जाये वही इच्छित फलकी प्राप्ति हो। धन, धान्य वस्त्र, गाय, भैंस, घोडा आदि वैभव की सामग्री का मिलाप हो। तीर्थयात्रा, परदेश गमन, युद्ध, समुद्र पार सर्वत्र सफलता ही सफलता प्राप्त होगी। इसलिए हे पृच्छक! इस कल्पवृक्ष समान फलदाता शकुन का फल भोगता हुआ तू अपने इष्टदेव की सेवा मे मन लगा।

त, हं, र। हे पूछने वाले! तेरा पाप का उदय है, तेरा लिया हुआ शकुन यही बताता है, तुम दुखी हो, कष्ट पा रहे हो, तुम्हारा धन नष्ट हो गया शरीर मे भी बीमारियां हो रही हैं। पुत्र और मित्रो का वियोग हुआ है, जो भी विचारते हो उसीसे कष्ट बढते हैं। तुम्हारे घर मे क्लेश पहुँचाने वाली लडाकू स्त्री है या पुरुष है, और यही पाप दु ख दे रहा है। इसलिए तू कुछ समय तक विपत्ति नाशक भगवान पार्श्वनाथ की पूजा कर इससे तुझे शान्ति मिलेगी।

त, हं, हं। हे शकुन लेने वाले! तेरा पाप का उदय है, अत तू कुछ दिन युद्ध में या वाद विवाद झगडे मे योग मत दे। इन कामों मे तुझे कष्ट ही उठाना पडेगा, धन की धर्म की हानि ही होगी। तुम्हारे घरमे कलह, लडाई, झगडे, चिन्ता का राज्य है, भाई बान्धव मित्र आदि भी शत्रु जैसे प्रतीक होते हैं। इसलिए अपना खोटा समय जानकर भगवान की भक्ति करता हुआ दुख नाश करने का उपाय सोच।

त, हं, त। हे भाई! तुम्हारा शकुन मध्यम है। इसलिए जो तुम सोचते हो वह फल न होगा। कुछ दिन ठहरना ही ठीक है। पाप का उदय समझकर चिन्ता मत करो, भावी बलवान होता है। मनमे मृत्यु का भय मत कर, अज्ञान बुद्धि को छोड दे। सुख पाने के लिए महावीर प्रभु का स्मरण कर।

त, त, अ। हे प्रश्नकर्त्ता! तुम्हारा शुभका उदय है, तुम्हे महान सुख मिलेगा, धन धान्य का समागम होगा। राज्य मे भी आदर होगा। व्यापार मे धन प्राप्त होगा। पुत्री का विवाह, साथ ही तुम्हे सुपुत्र की प्राप्ति भी होगी।

त, त, र। हे प्रश्नकर्त्ता! तुम्हारा शकुन उत्तम है। तुमने सदा सुख ही पाया है, आगे भी भाई बन्धु, पुत्र, धन, धान्य की बढ़वारी ही होगी। विदेश में भी सुख ही मिलेगा। सबसे मित्रता और बन्धुता का व्यवहार होगा। तुम्हारे शत्रु डरकर तुम्हारे मित्र हो जायेगे। घर मे गाय, भैंस, घोडा आदि वाहन भी रहा करेगे।

त, त, हं। हे भाई! तुम आलस्य छोडकर उद्योग करो, तुम्हे लाभ होगा और मनकी भावना पूरी होगी। तीर्थयात्रा, पूजन विधान, सब सफल होगे। तुम्हारे घरमे जो रोग शोक हैं वह शीघ्र दूर होगा। सब प्रकार की भोग सामग्री प्राप्त होगी। अपने मन मे किसी प्रकार का सन्देह मत कर। भगवान की भक्ति से सब सुख सामग्री सरलता से पाप्त हो जाती है।

त, त, त। हे पृच्छक! तेरा शकुन बडा कल्याणकारी है। तुम्हारे मन चाहे कार्य सिद्ध होगे। घर मे पुत्र पौत्रादि का जन्म होगा। धन बढेगा, सुख बढ़ेगा, विवाह होगे। नष्ट हुआ धन पुन प्राप्त होगा। शत्रु शत्रुता छोडेगे। हितैषी मित्रो का मिलन होगा। तुम सदा धर्म की आराधना करते रहो, यही सब सुखो का देने वाला है।

।। ॐ नमः सिद्धेभ्यः ।।

नवग्रह अरिष्टनिवारक विधान।

प्रशम्याद्यन्ततीर्थेशं, धर्म-तीर्थप्रवर्तकम् ।
भव्यविघ्नोपशान्त्यर्थं ग्रहार्चा वर्ण्यते मया ।।

मार्तंडेन्दुकुजसौम्य-, सूरसूर्यकृतांतकाः ।
राहुश्च केतुसंयुत्को, ग्रहशांतिकरा नव ।।

दोहा ।

आदि अन्त जिनवर, नमों, धर्म प्रकाशनहार ।
भव्य विघ्न उपशांत को,ग्रहपूजा चित धार ।।

कालदोष परभावसौं, विकलप छूटे नाहि ।
जिनपूजामें ग्रहनकी, पूजा मिथ्या नाहि ।।

इस ही जम्बूद्वीप में, रवि शशि मिथुन प्रमान ।
ग्रह नक्षत्र तारा सहित, ज्योतिष चक्र प्रमान ।।

तिनहीके अनुसार सौं, कर्म चक्र की चाल ।
सुख दुख जानै जीवकौ, जिनवच-नेत्र विशाल ।।

ज्ञान प्रश्न व्याकर्णमें प्रश्न अंग है आठ ।
भद्रबाहु मुख जनित जो, सुनत कियो मुख पाठ ।।

अवधि धार मुनिराजजी, कहे पूर्व कृत कर्म ।
उनके वचन अनुसारसौं, हरे हृदयको भर्म ।।

समुच्चय पूजा।

दोहा ।

अर्क चन्द्र कुज सोम गुरु, शुक्र शनिश्चर राहु ।
केतु ग्रहारिष्ट नाशने, श्री जिनपूज रचाहु ।।

ॐ ह्री सर्वग्रह-अरिष्ट-निवारक चतुर्विंशतिजिना अत्र अवतरत अवतरत सवौषट् (आह्ननम्), अत्र तिष्ठत तिष्ठत ठ ठ स्थापनम्, अत्र मम सन्निहिता भवत भवत वषट् सन्निधिकरणम्।

अष्टक ।

गीतिका छन्द।

क्षीरसिंधु समान उज्ज्वल, नीर निर्मल लीजिये ।
चौबीस श्रीजिनराज आगे, धार त्रय शुभ दीजिये ।।
रवि सोम भूमज सौम्य गुरु कवि, शनि नमो पूतकेतवे ।
पूजिये चौवीस जिन, ग्रहारिष्ट नाशन हेतवे ।।

ॐ ह्री सर्वग्रहारिष्टनिवारकचतुर्विंशतितीर्थंकरजिनेन्द्रेभ्य पचकल्याक प्राप्तेभ्यो जल निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीखण्ड कुंकुम हिम सुमिश्रित, घिसौं मनिका चावसौं ।
चौवीस श्री जिनराज अघहर, चरण चरचौं भावसौं ।। रवि० ।।

ॐ ह्री सर्वग्रहारिष्टनिवारकचतुर्विशतितीर्थंकरजिनेन्द्रेभ्य पचकल्याणक प्राप्तेभ्यो चन्दन निर्वपामीति स्वाहा।

अक्षत अखण्डित सालि तंदुल, पुंज मुक्ताफलसमं ।
चौवीस श्रीजिनराज पूजन, नाम ह्वैं नव ग्रह भ्रमं ।। रवि० ।।

ॐ ह्री सर्वग्रहारिष्टनिवारकचतुर्विंशतितीर्थंकरजिनेन्द्रेभ्य पचकल्याणक प्राप्तेभ्यो अक्षत निर्वपामीति स्वाहा।

कुंद कमल गुलाब केतकि, मालती जाही जुही ।
कामबाण विनाश कारण, पूजि जिनमाला गुही ।। रवि० ।।

ॐ ह्री सर्वग्रहारिष्टनिवारकचतुर्विंशतितीर्थंकरजिनेन्द्रेभ्य पचकल्याणक प्राप्तेभ्यो पुष्प निर्वपामीति स्वाहा।

फैनी सुहारी पुवा पापर, लेऊं मोदक घेवरं ।
शतछिद्र आदि विविध विंजन, क्षुधाहर बहु सुखकरं ।। रवि० ।।

ॐ ह्री सर्वग्रहारिष्टनिवारकचतुर्विंशतितीर्थंकरजिनेन्द्रेभ्य पचकल्याणक प्राप्तेभ्यो नैवेद्य निर्वगामीति स्वाहा।

मणिदीप जगमग जोत तमहर, प्रभू आगे लाइये ।
अज्ञान नाशक निज प्रकाशक, मोह तिमिर नसाइये ।। रवि० ।।

ॐ ह्री सर्वग्रहारिष्टनिवारकचतुर्विंशतितीर्थंकरजिनेन्द्रेभ्य पचकल्याणक प्राप्तेभ्यो दीप निर्वपामीति स्वाहा।

कृष्णा अगर घनसार मिश्रित, लोंग चन्दन लेइये ।
ग्रहारिष्ट नाशन हेत भवि जन, धूप जिन पद खेइये ।। रवि० ।।

ॐ ह्री सर्वग्रहारिष्टनिवारकचतुर्विंशतितीर्थंकरजिनेन्द्रेभ्य पचकल्याणक प्राप्तेभ्यो धूप निर्वपामीति स्वाहा।

बादाम पिस्ता सेव श्रीफल, मोच नीबू सद फल ।
चौवीस श्रीजिनराज पूजत, मनोवांछित शुभ फल ।। रवि० ।।

ॐ ह्री सर्वग्रहारिष्टनिवारकचतुर्विंशतितीर्थंकरजिनेन्द्रेभ्य पचकल्याणक प्राप्तेभ्यो फल निर्वपामीति स्वाहा।

जल गध सुमन अखण्ड तन्दुल, चरु सुदीप सुधूपक ।
फल द्रव्य दूध दही सुमिश्रित, अर्घ देय अनूपक ।। रवि० ।।

ॐ ह्री सर्वग्रहारिष्टनिवारकचतुर्विंशतितीर्थंकरजिनेन्द्रेभ्य पचकल्याणक प्राप्तेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

। जयमाला ।

दोहा—श्री जिनवर पूजा किये, ग्रहअरिष्ट मिट जाय ।
पच ज्योतिषी देव सब, मिल सेवें प्रभु पाय ।।

पद्धरी छद

जय जय जिन आदिमहत देव, जय अजित जिनेश्वर करहि सेव ।
जय जय संभव संभव निवार, जय जय अभिनन्दन जगत तार ।।

जय सुमति सुमति दायक विशेष, जय पद्मप्रभु लख पदम लेष ।
जय जय सुपार्स हर कर्म फास, जय जय चन्द्रप्रभु सुख निवास ।।

जय पुष्पदन्त कर कर्म अंत, जय शीतल जिन शीतल करंत ।
जय श्रेय करन श्रेयांस देव, जय वासुपूज्य पूजत सुमेव ।।

जय विमल विमल कर जगतजीव, जय जय अनंत सुख अति सदीव ।
जय धर्म धुरन्धर धर्मनाथ, जय शांति जिनेश्वर मुक्ति साथ ।।

जय कुंथनाथ शिव सुखनिधान, जय अरहजिनेश्वर मुक्तिथान ।
जय मल्लिनाथ पद पद्म भास, जय मुनिसुव्रत सुव्रत प्रकाश ।।

जय नमिदेव दयाल संत, जय नेमनाथ तसु गुण अनत ।
जय पारस प्रभु संकट निवार, जय वर्धमान आनन्दकार ।।

नव ग्रह अरिष्ट जब होय आय, तब पूजै श्रीजिनदेव पाय ।
मन वच तन मन सुखसिंधु होय, ग्रह शांति रीत यह कही जोय ।।

ॐ ह्री सर्वग्रहारिष्टनिवारकचतुर्विंशतितीर्थंकरजिनेन्द्रेभ्य पचकल्याणकप्राप्तेभ्य अर्घ निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा—चौबीसौं जिनदेव प्रभु, ग्रह सम्बन्ध विचार ।
पुनि पूजों प्रत्येक तुम, जो पाऊं सुख सार ।।

सूर्य ग्रह अरिष्ठ निवारक पद्मप्रभ पूजा ।

सोरठा

पूजो पदम जिनेन्द्र, गोचर लग्न विषै यदा ।
सूर्य करे दुख दंद, दुख होवे सब जीवकों ।।

अडिल्ल छन्द

पच कल्याक सहित ज्ञान पंचम लसैं ।
समोसरन सुख साध मुक्तिमांहीं बसैं ।।

आह्वान कर तिष्ठ सन्निधी कीजिये ।
सूरंज ग्रह होय शांत जगत सुख लीजिये ।।

ॐ ह्री सूर्यग्रहारिष्टनिवारक श्रीपद्मप्रभ जिन अत्र अवतर अवतर सवोषट् (आह्वानन), अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठ ठ (स्थापनम् अत्र मम् सन्निहितो भव भव वषट् (सन्निधीकरणम्) परिपुष्पाजलि क्षिपेत्।

छन्द त्रिभगी

सोनेकी भारी सब सुखकारी, क्षीरोदधि जल भर लीजे ।
भव ताप मिटाई तृषा नसाई, धारा जिन चरनन दीजे ।।

पद्मप्रभ स्वामी शिवमग-गामी, भविक-मोर सुन कूजत हैं ।
दिनकर दुख जाई पाप नसाई, सब सुखदाई पूजत हैं ।।

ॐ ह्री श्रीसूर्यग्रहारिष्टनिवारकश्रीपद्मप्रभजिनेन्द्राय पचकल्याणकप्राप्ताय जल निर्वपामीति स्वाहा।

मलियागिरि चंदन दाह निकंदन, जिनपद वंदन सुखदाई ।
कुमकुं जुत लीजे अरचन कीजे, ताप हरीजे दुख दाई ।। पद्म०।।

ॐ ह्री श्रीसूर्यग्रहारिष्टनिवारकश्रीपद्मप्रभजिनेन्द्राय पचकल्याणकप्राप्ताय चदन निर्वपामीति स्वाहा।

तन्दुल गुणमंडित सुर भवि मंडित, पूजत पंडित हितकारी ।
अक्षय पद पावो अक्षत चढ़ावो, गावो गुण शिव-सुखकारी ।।पद्म०।।

ॐ ह्री श्रीसूर्यग्रहारिष्टनिवारकश्रीपद्मप्रभजिनेन्द्राय पचकल्याणकप्राप्ताय अक्षत निर्वपामीति स्वाहा।

मचकुंद मंगावे कमल चढ़ावे, वकुल बेल दृग चित हारी ।
मंदर ले आवो मदन नसावो, शिवसुख पावो हितकारी ।।पद्म०।।

ॐ ह्री श्रीसूर्यग्रहारिष्टनिवारकश्रीपद्मप्रभजिनेन्द्राय पचकल्याणकप्राप्ताय पुष्प निर्वपामीति स्वाहा।

गौ घृत ले धरिये, खाजे करिये, भरिये हाटकमय थारी ।
विंजन बहु लीजे पूजा कीजे, दोष क्षुधादिक अघ हारी ।। पद्म०।।

ॐ ह्रीं श्रीसूर्यग्रहारिष्टनिवारकश्रीपद्मप्रभजिनेन्द्राय पचकल्याणकप्राप्ताय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मणि दीपक लीजे, घीव भरीजे, कीजे घनसारक बाती ।
जग जोत जगावे जगमग जगमग, मोह-तिमिर को है घाती ।।पद्म०।।

ॐ ह्रीं श्रीसूर्यग्रहारिष्टनिवारकश्रीपद्मप्रभजिनेन्द्राय पचकल्याणकप्राप्ताय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

कालागुरु धूपं अधिक अनूपं, निर्मल रूपं घनसारम् ।
सेवो प्रभु आगे पातक भागे, जागे सुख दुख सब हरनं ।।पद्म०।।

ॐ ह्रीं श्रीसूर्यग्रहारिष्टनिवारकश्रीपद्मप्रभजिनेन्द्राय पंचकल्याणकप्राप्ताय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीफल ले आओ सेव चढ़ाओ, अन्य अमरफल अविकारं ।
वांछित फल पावो जिनगुण गावो, दुख दरिद्र वसु कर्महरं ।।पद्म०।।

ॐ ह्री श्रीसूर्यग्रहारिष्टनिवारकश्रीपद्मप्रभजिनेन्द्राय पंचकल्याणकप्राप्ताय फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल चन्दन लाया सुमन सुहाया, तन्दुल मुक्ता सम कहिये ।
जल दीपक लीजे धूपसु खेजे, फल ले वसु कर्मन दहिये ।।पद्म०।।

ॐ ह्री श्रीसूर्यग्रहारिष्टनिवारकश्रीपद्मप्रभजिनेन्द्राय पचकल्याणकप्राप्ताय पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सलिल गंध ले फूल सुगन्धित लीजिये,
तंदुल ले चरु दीप धूप खेवीजिये ।।
कमल मोद को दोष तुरन्त ही धूजिये,
पद्मप्रभ जिनराज सुसन्मुख हूजिये ।।

ॐ ह्रीं सूर्यग्रहारिष्टनिवारकश्रीपद्मप्रभजिनेन्द्राय पचकल्याकप्राप्ताय पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

जै जै सुखकारी सब दुखहारी, मारी रोगादिक हरनम् ।
इन्द्रादिक आवे, प्रभु गुण गावे, मंदिर गिर मंजन करणं ।।
इत्यादिक साजै दुंदुभि बाजै, तीन लोक सेवत चरणं ।
पद्मप्रभ पूजत, पातक धूजत, भव भव भव मांगत शरणं ।।

पद्धडी छद ।

जय पद्मप्रभ पूजा कराय, सूरज ग्रह दूषण तुरत जाय ।
नौ योजन समवसरण बखान, घएटा झालर सहित वितान ।।
शत इन्द्र नमत तिस चरन आय, दश शत गणधर शोभा धराय ।
वाणी घनघोर जु घटा जोर, घन शब्द सुनत भवि नचै मोर ।।
भामण्डल आभा लसत भूर, चन्द्रादिक कोट कला जु सूर ।
तहां वृक्ष अशोक महा उतंग, सब जीवन शोक हरै अभंग ।।
सुमनादिक सुर वर्षा कराय, वे दाग चंवर प्रभुपै ढराय ।
सिंहासन तीन त्रिलोक ईश, त्रय छत्र फिरे नग जड़त शीस ।।
मन भई आवत मकरन्द सार, त्रय धूलि सार सुन्दर अपार ।
कल्यानक पाँचों सुख निधान, पंचम गति दाता हैं सुजान ।।
साड़े बारह कोड़ी जु सार, बाजै विन वेद बजें अपार ।
धरणेन्द्र नरेन्द्र सुरेन्द्र ईश त्रैलोक नमत कर धरी ऋषीश ।।
सुर मुक्ति रमावन नमत बार, दोउ हाथ जोड़कर बार बार ।
याके पद नमत आनंद होय, दुति आगे दिनकर छिपत जोय ।।
मन शुद्ध समुद्र हृदय विचार, सुखदाता सब जिनको अपार ।
मन वच तन कर पूजा निहार, कीजे सुखदायक जगत सार ।।

ॐ ह्रीं श्रीसूर्यग्रहारिष्टनिवारकश्रीपद्मप्रभजिनेन्द्राय पंचकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सब जन हितकारी सुखअतिभारी, मारी रोगादिक हरणा

पापादिक टारै ग्रह निरवारै, भव्य जीव सब सुख करणं ।।

इति आशीर्वाद (परिपुष्पाजलि क्षिपेत्)

चन्द्र अरिष्ठनिवारक श्री चन्द्रप्रभु पूजा

सोरठा

निशपति पीड़ा ठान, गोचर लग्न विषै परे ।
वसु विधि चतुर सुजान, चन्द्रप्रभ पूजा करे ।।

अडिल्ल छन्द ।

चन्द्रपुरीके बीच चन्द्रप्रभ अवतरे ।
लक्षण सोहे चन्द्र सबनके मन हरे ।।
भव्य जीव सुखकाज द्रव्य ले धरत है ।
सोम दोषके हेत थापना करत हैं ।।

ॐ ह्री चन्द्रारिष्टनिरवारकचन्द्रप्रभजिन अत्र अवतर अवतर सवोषट् (आह्वाननम्), अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठ (स्थापनम्), अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् (सन्निधिकरणम्)। परिपुष्पाजलि क्षिपत्।

अथाष्टक ।

कंचन झारी जड़त जड़ात, क्षीरोदक भर जिनहि चढ़ात ।
जगत गुरु हो, जै जै नाथ जगत गुरु हो ।।
चन्द्रप्रभ पूजौं मन लाय, सोम दोष तातैं मिट जाय।
जगत गुरु हो, जै जै नाथ जगत गुरु हो ।।

ॐ ह्री चन्द्रारिष्टनिवारकश्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय पचकल्याणक प्राप्ताय जल निर्वपामीति स्वाहा।

मलियागिर केसर घनसार, चरचत जिनभव ताय निवार ।चन्द्र ।।

ॐ ह्री चन्द्रारिष्टनिवारकश्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय पचकल्याणक प्राप्ताय चन्दन निर्वपामीति स्वाहा।

खण्डरहित अक्षत शशिरूप, पुंज चढ़ाय होय शिवभूप ।चन्द्र ।।

ॐ ह्री चन्द्रारिष्टनिवारकश्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय पचकल्याणक प्राप्ताय अक्षत निर्वपामीति स्वाहा।

कमल कुन्द कमलिनी अभंग, कल्पतरु जस हरै अभंग ।चन्द्र ।।

ॐ ह्री चन्द्रारिष्टनिवारकश्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय पचकल्याणक प्राप्ताय पुष्प निर्वपामीति स्वाहा।

घेवर बावर मोदक लेऊं, दोष क्षुधाहर थार भरेऊ ।चन्द्र।।

ॐ ह्री चन्द्रारिष्टनिवारकश्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय पचकल्याणक प्राप्ताय नैवेद्य निर्वपामीति स्वाहा।

मणिमय दीपक घृत जु भरेउ, वाती वरत तिमिर जु हरेउ ।चन्द्र।।

ॐ ह्री चन्द्रारिष्टनिवारकश्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय पचकल्याणक प्राप्ताय दीप निर्वपामीति स्वाहा।

कालागुरुकी कनी खिवाय, वसु विधि कर्म जु तुरत नसाय ।चन्द्र।।

ॐ ह्री चन्द्रारिष्टनिवारकश्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय पचकल्याणक प्राप्ताय धूप निर्वपामीति स्वाहा।

श्री फल अंब सदा फल लेउ, चोच मोच अमृत फल देउ ।चन्द्र।।

ॐ ह्री चन्द्रारिष्टनिवारकश्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय पचकल्याणक प्राप्ताय फल निर्वपामीति स्वाहा।

जल गन्ध पुष्प शालि नैवेद्य, दीप धूप फल से अनिवेध ।चन्द्र।।

ॐ ह्री चन्द्रारिष्टनिवारकश्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय पचकल्याणक प्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अडिल्ल छन्द।

जल चन्दन बहु फल जु तंदुल लीजिये।
दुग्ध शर्करा सहित सु विंजन कीजिये।।
दीप धूप फल अर्घ बनाय धरीजिये।
पूजों सोम जिनेन्द्र सुदुःख हरीजिये।।

ॐ ह्रीं चन्द्रारिष्टनिवारकश्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय पचकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

चन्द्रप्रभ चरणं, सब सुख भरणं, करणं आतम हित अतुलं।
दर्द जु हरणं, भवजल तरणं मरन हरं शुभकर विपुलं।।

त्रोटक छन्द।

भव्य मन हृदय मिथ्यात तम नाशकं।
केवलज्ञान जग-सूर्य प्रतिभासकं।।
चन्द्रप्रभ चरण मन हरण सब सुखकरं।
शाकिनी भूत ग्रह सोम सब दुखहरे।।
वर्धनं चन्द्रमा धर्म जलनिधि महा।
जगत सुखकार शिव-मार्ग प्रभुने गहा।। चन्द्रप्रभ०।।

ज्ञान गम्भीर अति धीर वर वीर हैं।
तीनहूँ लोक सब जगतके मीर हैं।। चन्द्रप्रभ०।।

विकट कन्दर्पको दर्प छिनमें हरा।
कर्म वसु पाय सब आप ही तैं भरा।। चन्द्रप्रभ०।।

सोमपुर नगर में जन्म प्रभु ने लहा।
क्रोध छल लोभ मद मान माया दहा।। चन्द्रप्रभ०।।

देह जिनराजकी अधिक शोभा धरे।
स्फटिकमणि कांति ताहि देख लज्जा करे।। चन्द्रप्रभ०।।

आठ अरु एक हजार लक्षण महा ।
दाहिने चरणको निशपति गह रहा ।। चन्द्रप्रभ० ।।

कहत मनसुख श्री चन्द्रप्रभ पूजिये ।
सोम दुख नाशके जगत भय धूजिये ।। चन्द्रप्रभ० ।।

ॐ ह्री चन्द्रारिष्टनिवारकश्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय पचकल्याणक प्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

पाप तापके नाशको, धर्मामृत रस कूप।
चन्द्रप्रभ जिन पूजिये, होय जो आनंद भूप।।

इत्याशीर्वाद

मंगल अरिष्टनिवारक श्री वासुपूज्य की पूजा।

दोहा।

वासुपूज्य जिन चरण युग, भूसुत दोष पलाय ।
तातैं भवि पूजा करो, मन में अति हरषाय ।।

अडिल्ल छन्द।

वासुपूज्यके जन्म समय हरषायके।
आये गज ले साज इन्द्र सुख पायके।।
लै मंदिर गिरजाय जु न्हवन करायके।
सौंपे माता जाय जो नाम धरायके।।

ॐ ह्री भौमारिष्टनिवारक श्रीवासुपूज्य जिन! अत्र अवतर अवतर सवौषट् (आह्वानन), अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठ. ठ (स्थापन), अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् (सन्निधीकरणम्)।

कनक झारी अधिक उत्तम रतन जड़ित सु लीजीये ।
पद्म द्रहको जल सुगंधित कर धार चरनन दीजिये ।।

भूतनय दूषण दूर नाश जु सकल आरत टारके ।
श्री वासुपूज्य जिन चरण पूजौं हर्ष उरमें धारके ।।

ॐ ह्री भौमारिष्टनिवारक श्रीवासुपूज्यजिनेन्द्राय पचकल्याणकप्राप्ताय जल निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीखण्ड मलय जु महा शीतल सुरभि चन्दन घिस धरौं ।
जिन चरन चरचों भविक हित, सों पाप ताप सबै हरौं ।।भूत०।।

ॐ ह्री भौमारिष्टनिवारकश्रीवासुपूज्यजिनेन्द्राय पचकल्याणकप्राप्ताय चदन निर्वपामीनि स्वाहा।

अक्षन अखण्डित सुरभि मण्डित, थारि भर करमें गहों ।
अक्षत सु पुज दिखाय जिन पद, अखय पदमैं जो लहों।।भूत० ।।

ॐ ह्री भौमारिष्टनिवारक श्रीवासपूज्यजिनेन्द्राय पचकल्याणकप्राप्ताय अक्षत निर्वपामीति स्वाहा।

कमल कुन्द गुलाब चम्पा, पारिजातक अति घने ।
पहुप पूजत चरण प्रभुके, कुसुमशर तव ही हने।। भूत०।।

ॐ ह्री भौमारिष्टनिवारक श्रीवासुपूज्यजिनेन्द्राय पचकल्याणकप्राप्ताय पुष्प निर्वपामीति स्वाहा।

गो घृत सद्य मगाय भविजन, दुग्ध मिश्रित शर्करी ।
चरु चारु लेकर जजों जिनपद, क्षुधा वेदन सव हरी।।भूत०।।

ॐ ह्री भौमारिष्टनिवारक श्रीवासुपूज्यजिनेन्द्राय पचकल्याणकप्राप्ताय नैवेद्य निर्वपामीति स्वाहा।

मणि जड़ित कंचन दीपसुन्दर, सद्य घृत तामे भरों ।
उद्योत कर जिन चरण आगे, हृदय मिथ्यातम हरों।।भूत०।।

ॐ ह्री भौमारिष्टनिवारक श्रीवासुपूज्यजिनेन्द्राय पचकल्याणकप्राप्ताय दीप निर्वपामीति स्वाहा।

काला अगर घनसार मिश्रित, देव फूल सुहावने ।
खेवत धुंआ सो सुरंग मोवित, करत वसु कर्मन हने।।भूत०।।

ॐ ह्री भौमारिष्टनिवारक श्रीवासुपूज्यजिनेन्द्राय पचकल्याणकप्राप्ताय धूप निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीफल अनार जो आम नींबू, सोच मोच सुधा फलं ।
जिन चरन चरचत फलन सेती, मोक्ष फलदाता रलं।।भूत०।।

ॐ ह्री भौमारिष्टनिवारक श्रीवासुपूज्यजिनेन्द्राय पचकल्याणकप्राप्ताय फल निर्वपामीति स्वाहा।

जल गन्ध अक्षत पुष्प विंजन, दीप धूप फलोत्तमं ।
जिनराज अर्घ चढ़ाय भविजन, लेऊ मुक्ति सुखोत्तमं।।भूत०।।

ॐ ह्री भौमारिष्टनिवारक श्रीवासुपूज्यजिनेन्द्राय पचकल्याणकप्राप्ताय अर्घ निर्वपामीति स्वाहा।

अडिल्ल छन्द ।

सुरभित जल श्रीखण्ड कुसुम तन्दुल भले।
बिंजन दीपक धूप सदा फल सों रले।
वासुपूज्य जिन चरण अर्घं शुभ दीजिये।
मंगल ग्रह दुख टार सो मंगल लीजिये।।

जयमाला ।

मंगल ग्रह हरनं मंगल करनं, सुखकर शिव-रमनी वरनं ।
आतम हित करनं भवजल तरनं, वासुपूज्य सेवत चरनं ।।

पद्धडी छन्द ।

इन्द्र नरेन्द्र खगेन्द्र जु देव, आय करें जिनवर की सेव।
वासुपूज्य जिन पूजा करो, मंगल दोष सकल परिहारो।।टेक०।।

विजया जननी मन हर्षाय, जनक जु वासुपूज्य सुखदाय।
शुब लक्षण कर लक्षित काय, चम्पापुर जनमें जिनराय।।वा०।।

महिमा अंक चरनमें परो, देखत सबको संशय हरो।।वा०।।

फागुन असि जो चौवस जान, हो वैराग्य सु धरियो ध्यान।
घात घातिया केवल पाय, जैन धर्म जगमें प्रगटाय।।वा०।।

षट शत एक मुनीश्वर भये, गिरि मंदार शिव लहि गये।
मंगल हेतु जजों जिनराय, मंगल ग्रह दूषण मिट जाय।।वा०।।

पूजन प्रभु कीजे दोष हरीजे, छीजे पातक जन्म जरा।
सुख होय अविकारी ग्रह दुखहारी, भवजल भारी नीरतरा ।।

ॐ ह्री भौमारिष्टनिवारकश्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय पचकल्याकप्रापताय महा अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

इति श्री भौमारिष्टनिवारश्रीवासुपूज्य जिनपूजा सपूर्ण।

अथ बुधग्रह अरिष्टनिवारक आठ जिन पूजा।

सोम्य ग्रह पीड़ा करै, पूजों आठ जिनेश ।
आठों गुण जिनमें लसैं, नावत शीस सुरेश ।।

छप्पय।

विमलनाथ जिन नमों, नमों जु अनन्तनाथ जिन ।
धर्मनाथ जिन वन्द वन्द हौं, शांति शांति जिन ।।

कुन्थु अरह जिन सुमरि, सुमरि पुनि वर्धमान जिन !
इन आठें जिन जजों, भजों सुख करन चरन तिन ।।

बुध महाग्रह अशुभता, धरत करत दुख जोर जब ।
आह्वानन कर तिष्ठ तिष्ठ, सन्निधि करहु तब ।।

ॐ ह्री बुधग्रहारिष्टनिवरका अष्ट जिना अत्र अवतरत अवतरत सवौषट् (आह्वानन) अत्र तिष्ठत तिष्ठत ठ ठ (स्थापन), अत्र मम सन्निहिता भवत भवत वषट् (सन्नधिकरण) परिपुष्पाजलि क्षिपेत्।

अथाष्टक

गीतिका छन्द

हेम झारी जड़ित मन जल, भरों क्षीरोदक तनं ।
धार देत जिनराज आगे, पाप ताप जु नाशनं ।।

विमलनाथ अनंतनाथ, सु धर्मनाथ जु शांत ये ।।
कुंथु अरह जु नमिय महावीर आठों जिन जजे ।।

ॐ ह्री बुधग्रहरिष्टनिवारकेभ्योअष्टजिनेभ्यो जल निर्वपामीति स्वाहा।

सुरभि सुमरत लेउं चन्दन, घिसौं कुमकुम संग ही ।
जिन चरन चरचत मिटे ग्रीषम, मोह ताप जु भागहीं।।विमल०।।

ॐ ह्री बुधग्रहरिष्टनिवारकेभ्योअष्टजिनेभ्यो चन्दन निर्वपामीति स्वाहा।

अक्षत अखंड उभय कोट, समान शुभ अति घने ।
ले कनक थार भराय भविजन, पुंज देत सुहावने।।विमल०।।

ॐ ह्री बुधग्रहरिष्टनिवारकेभ्योअष्टजिनेभ्यो अक्षत निर्वपामीति स्वाहा।

मंदार माली मालती, मचकुन्द मरुवो मोतिया ।
कमल कुन्द कुसुम करना, कामबान जु घातिया।।विमल०।।

ॐ ह्री बुधग्रहरिष्टनिवारकेभ्योअष्टजिनेभ्यो पुष्प निर्वपामीति स्वाहा।

घृत शुद्ध मिश्रित शर्करामृत, करहु बिंजन भावसों ।
ग्रह शांतिक होत जिनके, चरन चरचों चावसों।।विमल०।।

ॐ ह्री बुधग्रहरिष्टनिवारकेभ्योअष्टजिनेभ्यो नैवेद्य निर्वपामीति स्वाहा।

मणि जड़ित हाटक दीप सुन्दर, खातका घनसार है ।
सर्पि सहित शिखा प्रकाशित, आरती तमहार है।।विमल०।।

ॐ ह्री बुधग्रहरिष्टनिवारकेभ्योअष्टजिनेभ्यो दीप निर्वपामीति स्वाहा।

लोभान अगर कर्पूर चन्दन, लौंग चूरन लाइये ।
वह्नि धूप विवर्जितम्, जिन चरन आगे खेइये।।विमल०।।

ॐ ह्री बुधग्रहरिष्टनिवारकेभ्योअष्टजिनेभ्यो धूप निर्वपामीति स्वाहा।

कल्पपावक जिन श्रीफल, फल समूह चढ़ाइये ।
भक्ति भाव बढाय करके, सरल श्रीफल लीजिये।।विमल०।।

ॐ ह्री बुधग्रहरिष्टनिवारकेभ्योअष्टजिनेभ्यो फल निर्वपामीति स्वाहा।

शुभ सलिल चंदन सुमन अक्षत, क्षुधा हर चरु लीजिये ।
मणि दीप धूपक फल सहित, वसु द्रव्य अर्घ करीजिये।।विमल०।।

ॐ ह्री बुधग्रहरिष्टनिवारकेभ्योअष्टजिनेभ्यो अर्घ निर्वपामीति स्वाहा।

जल चंदन आदिक दरब, पूजों वसु जिनराय ।
सौम्य ग्रह दूषण मिटे, पूरन अर्घ चढाय।। विमल०।।

ॐ ह्री बुधग्रहरिष्टनिवारकेभ्योअष्टजिनेभ्यो अर्घ निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

विमलनाथ जिन नमों, नमों जु अनन्तनाथ जिन ।
धर्मनाथ पुनि नमों, नमों शांति कर्ता तिन ।।

कुन्थुनाथ पद वन्द, बन्दहो अरहनाथ जिन ।
नमिय प्रणमि जिन पाय, पाय जिन वर्धमान जिमि ।।

ये आठें जिनरायको, हाथ जोड़ शिर धरत हों ।
सोमतनुज दुखहरनको, मंगल आरति करत हों ।।

पद्धडि छन्द

जय विमल विमल आतम प्रकाश।
षट् द्रव्य चराचर लोक वास।।
जय जय अनन्तगुण हैं अनन्त।
सुर नर जस गावत लहैं न अन्त।।
जय धर्म धुरन्धर धर्मनाथ।
जग जीव उधारन मुक्ति साथ।।
जय शान्तिनाथ जग शान्ति करन।

भव जीवन के दुख दारिद्र हरन।।
जय कुन्थु जिन कुन्थादि जीव।
प्रतिपालन कर सुख दे अतीव।।
जय अरह जिनेश्वर अष्ट कर्म।
रिपु नाम लियो शिव रमन शर्म।।
जय नमिय नमिय सुर वर खगेश।
इन्द्रादि चन्द्र थुति करत शेष।।
जय वर्धमान जग वर्धमान।
उपदेश देय लहि मुक्ति थान।।
शशि सुत अरिष्ट सब दूर जाय।
भव पूजे अष्ट जिनेन्द्र पाय।।
मन वच तन कर जुग जोड़ हाथ।
मनसिन्धु जलधि तव नवत माथ।।

ॐ ह्रीं बुधग्रहारिष्टनिवारवेभ्योअष्टजिनेभ्यो अर्घ नि०।

ये आठ जिनेश्वर, नमत सुरेश्वर, भव्य जीव मंगल करनं।
मन वांछित पूरे, पातक चूरे, जन्म मरण सागर तरनं।।

इति आशीर्वाद।

अथ गुरु अरिष्टनिवारक श्री अष्टजिनपूजा।

मन वच काया शुद्ध कर, पूजों आठ जिनेश।
गुरु अरिष्ट सब नाश हों, उपजे सुक्ख विशेष।।

छप्पय।

ऋषभदेव जिनराज, अजित जिन सम्भव स्वामी।
अभिनंदन जिन सुमति, सुपारस शीतल स्वामी।।
श्री श्रेयांस जिनदेव, सेव सब करत सुरासुर।
मनवांछित दातार, मारजित तीन लोक गुरु।।

संवौषट् ठ ठः तिष्ठ, सुसन्निधि हूजिये ।
गुरु अरिष्टके नाशको, आठ जिनेश्वर पूजिये ।।

ॐ ह्री बुधग्रहरिष्टनिवारका अष्ट जिना अत्र अवतर अवतर अत्र तिष्ठत तिष्ठत ठ ठ, अत्र मम सन्निहिता भवत-भवत वषट्।

अष्टक।

उज्ज्वल जल लीजे, मन शुचि कीजे, हाटकमय भृंगार भरं ।
जिन धार दिवाई, तृषा नसाई, भवजल निधि वे पार परं ।।
ऋषभ अजित, सभव अभिनन्दन, सुमति सुपारसनाथ परं ।
शीतलनाथ श्रेयांस जिनेश्वर पूजत सुरगुरु दोषहरं ।।

ॐ ह्री गुर्वरिष्टनिवारकार्ष्टजिनेभ्यो जल नि०

मलयागिरि चन्दन, दाह निकन्दन, कुंकुभ शुभ ले घनसार ।
चरचों जिन चरनं, भव तप हरनं, मनवांछित सब सुख निकरं ।।

ॐ ह्री गुर्वरिष्टनिवारकाष्टजिनेभ्यो चदन नि० ।। ऋषभ० ।।

सरल शाली कृष्ण जीरक, वसुमती जो मन हरं ।
उभय कोटक, अरु अखण्डित, अखय गुण शिवपद धरं ।।
।। ऋषभ० ।।

ॐ ह्री गुर्वरिष्टनिवारकाष्टजिनेभ्यो अक्षत नि०

चम्पक चमेली, करन केतकी, मालती मरुवो मोलसरं ।
कमल कुमुद गुलाब कुंद जु, सरन जुही शिव-तिय वरं ।।
।। ऋषभ० ।।

ॐ ह्री गुर्वरिष्टनिवारकार्ष्टजिनेभ्यो पुष्प नि०

घेवरहि सुवावर पुवा पुरैयै, मोदक फेनी घेवरं ।
सुरहि घृत पय शर्कराजुत , विविध चरु क्षुध क्षयकरं ।।
।। ऋषभ० ।।

ॐ ह्री गर्वीरिष्टनिवारकाष्टजिनेभ्यो नैवेद्य नि०

मणिकर जड़ित, सुवर्ण थाल ले, कदली सुत घृत मांहि तरं ।
दीपक उद्योत, तम क्षय होतं, निज गुण लखि भा भारमरं ।।
।। ऋषभ० ।।

ॐ ह्री गर्वीरिष्टनिवारकाष्टजिनेभ्यो दीप नि०

चंदन अगर, लोंग सुतरग, विविध द्रव्य लै सुरभतरं ।
खेवत जिन आगे, पातक भागे, धूवां मिस वसु कर्मजरं ।।
।। ऋषभ० ।।

ॐ ह्री गर्वीरिष्टनिवारकाष्टजिनेभ्या धूप नि०

बादाम सुपारी, श्रीफल भारी, चोच मोच कमरख सुवरं ।
लैके फल नाना, शिव सुख थाना, जिनपद पूजत देत तुरं ।।
।। ऋषभ० ।।

ॐ ह्री गर्वीरिष्टनिवारकाष्टजिनेभ्यो फल नि०

जल चन्दन फूल तदुन तूलं, चरु दीपक लै धूप फलं ।
वसुविधि से अरचे वसुविधि विरचै, कीजे अविचल मुक्तिघरं ।।
।। ऋषभ० ।।

ॐ ह्री गर्वीरिष्टनिवारकाष्टजिनेभ्यो अर्घ नि०

अडिल्ल छन्द।

मन वच काया शुद्ध पवित्र जु हूजिये।
लेकर आठों दरव आठ जिन पूजिये।।
मंगलीक वसु वस्तु पूर्ण सब लीजिये।
पूरन अर्घ मिलाय आरती कीजिये।।

ॐ ह्री गर्वीरिष्टनिवारकाष्टजिनेभ्यो महार्घ नि०।

जयमाला

सुर गुरु दुख नाशन, कमलपत्रासन, वसुविधि वसु जिन पूजकरं ।
भव भव अघहरनं, भवसुखकरनं, भव्य जीव शिवधामकरं ।।

पद्धडी छन्द।

जय धर्म-धुरंधर ऋषभ धार, जय मुक्ति-कामनी कंत सार ।
जय अजित कर्म अरि प्रबल जान, जय जीत लियो सब गुणनिधान ।।

जय संभव संभव दभ छेद, जय मुक्ति-रमा लइयो अखेद ।
जय अभिनन्दन आनदकार, जय जय जन सुखकर्ता अपार ।।

जय सुमतिदेव, देवाधिदेव, जय शुभमतिजुत मुर करहिं सेव ।
जय जय सुपार्श्वसुख परमज्ञान, जय लोकालोक प्रकाशमान ।।

जय जन्म जरा मृतुविह्न हर्न, जय तिनका हमका नित्य शर्ण ।
जय श्रेयकरन श्रेयांसनाथ, जयश्रेयसषद दय भक्ति साथ ।।

जय जय गुणगरिमा जग प्रधान, जय भव्य-कमल परकाश भान ।
जय मनसुखसागर नमत शीस, जय सुरगुर दोषन मेट ईश ।।

ॐ ह्रीं गुर्वरिष्टनिवारकार्ष्टजिनेभ्यो अर्घ निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा।

आठ जिनेश्वर पूजते, आठ कर्म दुख जाय ।
अष्ट सिद्धि नव निधि लहै, सुरगुरु होय सहाय ।।

इत्याशीर्वाद ।

अथ शुक्रारिष्टनिवारक
श्री पुष्पदंत पूजा ।

दोहा

पुष्पदत जिनरायको, भवि पूजौ मन लाय ।
मन वच काया शुद्धसों, कवि अरिष्ट मिट जाय ।।

अडिल्ल छन्द।

गोचर में ग्रह शुक्र आय जब दुख करैं।
पुष्पदंत जिन पूज सकल पातक हरैं।।
आह्वानन कर तिष्ठ सन्निधि हूजिये।
आठ द्रव्य ले शुद्ध भावसों पूजिये।।

ॐ ह्री शुक्रग्रहारिष्टनिवारकपुष्पदत जिन अत्र अवतर अवतर सवौषट्, अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठ ठ , अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्।

अथाष्टक

सोरठा

निर्मल शीत सुभाय, गंगाजल झररी भरौं।
कवि अरिष्ट मिट जाय, पुष्पदन्त पूजा करौं ।।

ॐ ह्री शुक्रारिष्टनिवारकायपुष्पदतजिनराय पचकल्याणकप्राप्ताय जल निर्वपामीति स्वाहा।

कुमकुम लेइ घिसाय, कनक कटोरी में धरौं ।। कवि अरिष्ट० ।।

ॐ ह्री शुक्रारिष्टनिवारकायपुष्पदतजिनाय पचकल्याणकप्राप्ताय चदन निर्वपामीति स्वाहा।

तन्दुल अक्षत लाय, भाव सहित तुष परिहरौ ।। कवि अरिष्ट० ।।

ॐ ह्री शुक्रारिष्टनिवारकायपुष्पदतजिनाय पचकल्याणकप्राप्ताय अक्षत निर्वपामीति स्वाहा।

कमल चमेली जय, जुही कुन्द जु केवरो ।। कवि अरिष्ट० ।।

ॐ ह्री शुक्रारिष्टनिवारकायपुष्पदतजिनाय पचकल्याणकप्राप्ताय पुष्प निर्वपामीति स्वाहा।

विंजन विविध बनाय, मधुर स्वाद युत आचरो ।। कवि अरिष्ट० ।।

ॐ ह्रीं शुक्रारिष्टनिवारकायपुष्पदतजिनाय पचकल्याणकप्राप्ताय नैवेद्य निर्वपामीति स्वाहा।

कंचन दीप कराय, कदलीसुत बाती करों ।। कवि अरिष्ट० ।।

ॐ ह्रीं शक्रारिष्टनिवारकायपुष्पदंतजिनाय पंचकल्याणकप्राप्ताय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

अगर कपूर मिलाय, लोंग धूप बहु विस्तरौं ।। कवि अरिष्ट० ।।

ॐ ह्रीं शक्रारिष्टनिवारकायपुष्पदंतजिनाय पंचकल्याणकप्राप्ताय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

चोच मोच फल पाय, सरस पक्व लीजे हरो ।। कवि अरिष्ट० ।।

ॐ ह्रीं शक्रारिष्टनिवारकायपुष्पदंतजिनाय पंचकल्याणकप्राप्ताय फलं निर्वपामीति स्वाहा।

नीरादिक ले आय अर्घ देत पातक हरो ।। कवि अरिष्ट० ।।

ॐ ह्रीं शक्रारिष्टनिवारकायपुष्पदंतजिनाय पंचकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जल चन्दन ले फूल और अक्षत घने।
दीप धूप नैवेद्य सुफल मनमोहने।।
गीत नृत्य गुण गाय अर्घ पूरण करो।
पुष्पदंत जिन पूज शुक्र दूषण हरो।।महार्घम्।।

जयमाला

मन वच तन ध्यावो पाप नसावो, सब सुख पावो अघ हरणं ।
ग्रह दूषण जाई हर्ष बढ़ाई, पुष्पदन्त जिनवर चरणं ।।

पद्धड़ी छंद।

जय पुष्पदन्त, जिनराज देव, सुर असुर सकल मिल करहि सेव ।
जय फागुनसुदि नौमी बखान, सुरपति सुर गर्भकल्याण ठान ।।
जय मार्गशीर्ष शशि उदय पक्ष, नौमी तिथि जगमें भये प्रत्यक्ष ।
जय जन्ममहोत्सव इन्द्र आय, सुरगिर ले इन्द्र न्हवन कराय ।।

जय वज्रवृषभनाराच देह, दस शत वसु लक्षण सुनहिं गेह ।
जब राजनीति कर राज कीन, मगसिर सित पड़वा तप सु लीन ।।

जय घात घातिया कर्म धीर, निज आतम शक्ति प्रकाश वीर ।
जय कातक सुदि दुतिया महान, लहि केवलज्ञान उद्योत मान ।।

जय भव्य जीव उपदेश देय, जग-जलधि उबारन सुजस लेय ।
जय भादों सुदी आठे प्रसिद्ध,हन शेष कर्म प्रभु भये सिद्ध ।।

जय जय जगदीश्वर भये देव, भृगु तजहिं दोष हर करत सेव ।
जय मन वांछित तुम करत ईश, मन शुद्ध जलधि तुम नमत शीश ।।

ॐ ह्रीं शक्रारिष्टनिवारकाय पुष्प दन्त जिनेन्द्राय पंचकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सब गुण अधिकारी दूषण हारी, मारी रोगादिक हरनं ।
भृगु सुत दुख जाई पाप मिटाई, पुष्पदन्त पूजत चरनं ।।

इत्याशीर्वाद ।

शन्यरिष्टनिवारक

श्री मुनिसुव्रत जिन पूजा ।

दोहा।

जन्म लग्न गोचर समय, रविसुत पीड़ा देय ।
तब मुनिसुव्रत पूजिये, पातक नाश करेय ।।

अडिल्ल छन्द।

मुनिसुव्रत जिनराज, काज निज करनको ।
सूर्यपुत्र ग्रह क्रूर, अरिष्ट जु हरनको ।।

आह्वानन कर तिष्ठ तिष्ठ, ठः ठः करो ।
होय सन्निधि जिनराय, भव्य पूजा करो ।।

ॐ ह्रीं शन्यरिष्टनिवारक श्रीमुनिसुव्रतजिन अत्र अवतर अवतर संवौषट् अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठ ठ , अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्।

अथाष्टक

चाल कातक ।

प्राणी गंगोदक ले सीयरो, निर्मल प्रासुक ले नीर हो ।
प्राणी भारी भर त्रय धार दे, जासे कर्म-कलंक मिटाय हो ।।
प्राणी मुनिसुव्रत जिन पूजिये ।।

ॐ ह्री शन्यरिष्टनिवारकाय श्री मुनिसुव्रतजिनाय पचकल्याणक प्राप्ताय जल निर्वपामीति स्वाहा।

प्राणी चन्दन घिस मलियागिरो, अरु कुम कुम तामें डार हो ।
प्राणी जिनपद चरचों भावसों, जासों जन्म जरा जर जाय हो ।।
प्राणी मुनिसुव्रत जिन पूजिये ।।

ॐ ह्री शन्यरिष्टनिवारकाय श्री मुनिसुव्रतजिनाय पचकल्याणक प्राप्ताय चन्दन निर्वपामीति स्वाहा।

प्राणी उज्ज्वल शशिसम लीजिये, एजी तंदुल कोटसमान हो ।
प्राणी पाच पुंज दे भावसों, अक्षय पद सुखदा हो ।।
प्राणी मुनिसुव्रत जिन पूजिये ।।

ॐ ह्री शन्यरिष्टनिवारकाय श्री मुनिसुव्रतजिनाय पचकल्याणक प्राप्ताय अक्षत निर्वपामीति स्वाहा।

प्राणी बेल चमेली केंवडो, करनार कुमुद गुलाब हो ।
प्राणी केतकी दल से पूजिये, तब कामबाण मिटजाय हो ।।
प्राणी मुनिसुव्रत जिन पूजिये ।।

ॐ ह्री शन्यरिष्टनिवारकाय श्री मुनिसुव्रतजिनाय पचकल्याणक प्राप्ताय पुष्प निर्वपामीति स्वाहा।

प्राणी विंजन नाना भांतिके, एजी षट् रस कर संयुक्त हो ।

प्राणी जिन पद पूजों भावसों, तब जाय क्षुधादिक रोग हो ।।
प्राणी मुनिसुव्रत जिन पूजिये ।।

ॐ ह्री शन्यरिष्टनिवारकाय श्री मुनिसुव्रतजिनाय पचकल्याणक प्राप्ताय नैवेद्य निर्वपामीति स्वाहा।

प्राणी रतन जोत तम नासनी, कर दीपक कंचन थार हो ।
प्राणी जिन आरति कर भावसों, एजी भव आरत तम जाय हो ।।
प्राणी मुनिसुव्रत जिन पूजिये ।।

ॐ ह्री शन्यरिष्टनिवारकाय श्री मुनिसुव्रतजिनाय पचकल्याणक प्राप्ताय दीप निर्वपामीति स्वाहा।

प्राणी चन्दन अगर कपूर ले, सब खेवो पावक माहिं हो ।
प्राणी अष्ट करम जर क्षार हों, जिन पूजत सब सुख होय हो ।।
प्राणी मुनिसुव्रत जिन पूजिये ।।

ॐ ह्री शन्यरिष्टनिवारकाय श्री मुनिसुव्रतजिनाय पचकल्याणक प्राप्ताय धूप निर्वपामीति स्वाहा।

प्राणी आम अनार पियूष फल, चोंच मोच बादाम हो ।
प्राणी फलसों जिनपद पूजिये, एजी पावे शिवफल सार हो ।।
प्राणी मुनिसुव्रत जिन पूजिये ।।

ॐ ह्री शन्यरिष्टनिवारकाय श्री मुनिसुव्रतजिनाय पचकल्याणक प्राप्ताय फल निर्वपामीति स्वाहा।

प्राणी नीरादिक वसु द्रव्य ले, मन वच काय लगाय हो ।
प्राणी अष्टकर्म को नाश ह्वै, एजी अष्टमहागुण पाय हो ।।
प्राणी मुनिसुव्रत जिन पूजिये ।।

ॐ ह्री शन्यरिष्टनिवारकाय श्री मुनिसुव्रतजिनाय पचकल्याणक प्राप्ताय अर्घ निर्वपामीति स्वाहा।

अडिल्ल छन्द।

जल चन्दन ले फूल और अक्षत घने।
चरु दीपक बहु धूत महाफल सोहने।।
पूर्ण अर्घ बनाय जिन आगे हूजिये।
मुनिसुव्रत जिनराय भावसों पूजिये।।

ॐ ह्री शन्यरिष्टनिवारकाय श्रीमुनिसुव्रतजिनाय पचकल्याकप्राप्ताय पूर्णार्घ निर्वपामीति स्वाहा।

अथ जयमाला

दोहा।

मुनिसुव्रत सुव्रत करन, त्याग करन जगमाल।
शनि ग्रह पीड़ा हरणाकोरे, पढ़ो हर्ष जयमाल।।

पद्धडी छन्द।

जय जय मुनिसुव्रत त्रिजगराय, शत इन्द्र आय माथा नमाय।
जय जय पद्मावती गर्भ आय, सावन वदि दुतिया हर्षदाय।।
जय जय सुमित्र घर जन्म लीन, वैशाखकृष्ण दशमी प्रवीन।
जय जय दश अतिशय लसत काय, त्रय ज्ञान सहित हित मित कहाय।।
जय जय तन लक्षण सहस आठ, भवि जीवन में थुतिकरन पाठ।
जय जय सौधर्म सुरेश आय, जन्म कल्याण करियो सुभाय।।
जय जय तप ले वैशाख मास, सुदि दशमी कर्मकलंक नाश।
जय जय वैशाख जो असित पक्ष, नौमी केवल लहि जग प्रत्यक्ष।।
जय जय रचियो तब समवसरन, सुर नर खग मुनि के चित्त हरन।
जय छयालिस गुण सहित देव, शत इन्द्र आय तहाँ करत सेव।।
जय जय फागुन वदि द्वादशीय, शिवनाथ बसे मुनि सिद्ध लीय।
जय जय शनि पीड़ा हरन हेत, मनसुखसागर कर सुख निकेत।।

ॐ ह्रीं शन्यरिष्टनिवारकाय श्रीमुनिसुव्रतजिनाय अनर्घ्यपद प्राप्ताय अर्घ निर्वपामीति स्वाहा।

घत्ता-छन्द

मुनिसुव्रत स्वामी सब जग नामी, भव्य जीव बहु सुख करनं ।
मन वांछित पूरै पातक चूरै, रविसुतग्रह पीड़ा हरनं।।

इति आर्शीवाद ।

राह्वरिष्टनिवारक श्री नेमिनाथ जिनपूजा

गोचर में जब आय पीड़ा करे, नेमिनाथ जिनराज तबै पूजा करे ।
आठद्रव्यलेशुद्धभावहिआनके, श्यामपुण्यमनलायभक्तिकोठानके।।
पूजोनेमजिनेश भव्यचितलायके, राहुदेयदुख दुष्ट राशिमेंआयके ।
करआह्वाननिष्ठतिष्ठठःठःउच्चरौ,होयसन्निधिशक्तिभक्तपूजकरो।।

ॐ ह्री राह्वारिष्टिनिवारक श्री नेमिनाथजिन अत्र अवतर अवतर सवौषट्, अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठ ठ , अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्। (पुष्पाजलि क्षिपेत्)

अष्टक ।

गीतिका छन्द

कनक झारी मणिजड़ित ले, शीत उदक भरायके ।
प्रभु नेम जिनके चरन आगे, धार दे मन लायके।।
जब राहु गोचर समय दुख दे, देय दुष्ट स्वाभावसों ।
तब नेम जिनके भावसेती, चरन पूजों चावसौं।।

ॐ ह्री राह्वरिष्टनिवारकाय श्रीनेमिनाथजिनेन्द्राय जल नि०।

श्रीखण्ड मलय मिलाय केसर, कदलिसुत तामें घिसौं।
जिनचरण चरचत भाव धरके, पाप ताप तबै नसौं।।जब राहु।।

ॐ ह्री राह्वरिष्टनिवारकाय श्रीनेमिनाथजिनेन्द्राय चन्दनम् नि०।

अक्षत अनूपम सालि सम्भव कनकभाजन लेइये।
जिन अग्रपुंज चढ़ाय भवि जन, एक चित मन देइये।।जब राहु।।

ॐ ह्रीं राह्वरिष्टनिवारकाय श्रीनेमिनाथजिनेन्द्राय अक्षतम् नि०।

कमल कुन्द गुलाब गुंजा केतकी करना भले।
सुमन लेके सुमन सेती, पूजते जिन अघ टले।।जब राहु।।

ॐ ह्रीं राह्वरिष्टनिवारकाय श्रीनेमिनाथजिनेन्द्राय पुष्पम् नि०।

विंजन विविध रस जनित, मनहर क्षुधादूषणको हरे।
भर थार कञ्चन भावसेती, नेमि जिन आगे धरे।।जब राहु।।

ॐ ह्री राह्वरिष्टनिवारकाय श्रीनेमिनाथजिनेन्द्राय नैवेद्यम् नि०।

मणिमई दीप अनूप भरके, चन्द्र ज्योति सु जगमगै।
निज हाथ लै प्रभु आरती कर, मोह तम तब ही भगै।।जब राहु।।

ॐ ह्री राह्वरिष्टनिवारकाय श्रीनेमिनाथजिनेन्द्राय दीपम् नि०।

कृष्णागरु लोभान लेके, और द्रव्य सुगन्ध मय।
जिन चरण आगे अगनिपर धर, धूप धूम सुरभिमयै।।जब राहु।।

ॐ ह्री राह्वरिष्टनिवारकाय श्रीनेमिनाथजिनेन्द्राय धूपम् नि०।

अम्बा बिजोरा नारियल, श्रीफल सुपारी सेवको।
फल ले मनोहर सरस मीठे, पूज ले जिनदेवको।।जब राहु।।

ॐ ह्री राह्वरिष्टनिवारकाय श्रीनेमिनाथजिनेन्द्राय फलम् नि०।

जल गन्ध अक्षत पुष्प सुरभित, चरु मनोहर लीजिये।
दीप धूप फलौघ सुन्दर, अर्घ जिनपद दीजिये।।जब राहु।।

ॐ ह्रीं राह्वरिष्टनिवारकाय श्रीनेमिनाथजिनेन्द्राय अर्घं नि०।

आठ द्रव्य ले सार नेम प्रभु पूजिये।
राहु होय ग्रह शांति पाप सब धूजिये।।
मन वंछित फल पाय होय बड़भागसो।
जो पूजे जिन देव बड़े अनुरागसो।।

ॐ ह्रीं राह्वरिष्टनिवारकाय श्रीनेमिनाथजिनेन्द्राय अर्घं नि०।

जयमाला

श्री नेम जिनेश्वर जगपरमेश्वर, जीवदया जु धुरंधरं ।
मैं शरणन आयो शीश नमायो, सिंधुसुत दूषण हरनं।।

पद्धडी छन्द ।

जय जय जिन नेम सुनेम धार, करुणाकर जग जन जलधि तार ।
जय कातक सुदी छठमी प्रधान, शिवदेवी उर अवतरे आन।।

जय जय सावन सुदि छठ सुदेव, इन्द्रादि न्हवन विधि करहि सेव ।
जय जय यदुकुल मंडित दिनेश, सुर नर खग स्तुति करत शेष।।

जय जय शुचि शुक्ल उदास होय, छठको तप कर निज आत्म जोय ।
जय जय निर्मल तन निर्विकार, भामंडल छवि शोभा अपार।।

जय जय आश्विन सुदि ज्ञान भान, तिथि प्रथम पहर जग सुखनिधान ।
जय जय सावन छठ शुल्क पक्ष, सब लोकालोक कियो प्रत्सक्ष।।

जय जय वसुविध विधि सकल नास, लहि सुख अनंत शिवलोक वास ।
जय जय अजरामर पद प्रधान, हो त्रिभुवनपति लोकाग्र थान।।

जय जय छायासुत परिहरन, मनसुख समुद्र जु गहिये शरन। ।

घत्ता छन्द।

भव जन सुखदाई होउ सहाई, मन वच काया गावत हों ।
सब दूषण जाई पाप नसाई, नेम सहाई छावत हो।।

आशीर्वाद ।

केतु अरिष्टनिवारक मल्लिनाथ-पार्श्वनाथ पूजा ।

दोहा ।

केतु आय गोचर विषै, करै इष्टकी हान ।
मल्लि पार्श्वजिन पूजिये, मन वांछित सुख खान।।

अडिल्ल छन्द

मल्लि पार्श्व जिन देव सेव, बहु कीजिये।
भवित भाव वसु द्रव्य शुद्ध कर लीजिये।।
आह्वानन कर तिष्ठ तिष्ठ ठ. ठः करौ।
मम सन्निधि कर पूज हर्ष हियमें धरौ।।

ॐ ह्री केत्वरिष्टनिवारक श्रीमल्लिनाथ पार्श्वनाथ जिन अत्र अवतर अवतर सवौषट् अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठ ठ, अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्।

चाल नन्दीश्वर।

उत्तम गंगाजल लाय, मणिमय भर झारी।
जिनचरन धार दे सार, जन्म जरा हारी।।
मैं पूजों मल्लि जिनेश, पारस सुखकारी।
ग्रह केतु अरिष्ट निवार, मनसुख हितकारी।।

ॐ ह्री केत्वरिष्टनिवारकाभ्या श्रीमल्लिनाथ-पार्श्वनाथजिनेन्द्राभ्या जल०

श्रीखण्ड मलय तरु ल्याय, कदलीसुत डारी।
घिस केसर चरणनि ल्याय, भव आपात हरी।। मैं पूजों० ।।

ॐ ह्री केत्वरिष्टनिवारकाभ्या श्रीमल्लिनाथ-पार्श्वनाथजिनेन्द्रायभ्या चदन०

तंदुल अक्षत अविकार, मुक्ता मम सोहैं
भरले हाटक मय थाल, सुर नर मन मोहैं।। मैं पूजों० ।।

ॐ ह्री केत्वरिष्टनिवाकाभ्या श्रीमल्लिनाथ-पार्श्वनाथ जिनेन्द्राभ्या अक्षत०

ले फूल सुगंधित सार, अलि गुञ्जार करै
पद पकज जिनहि चढ़ाय, काम विथा जु हरै।। मैं पूजों० ।।

ॐ ह्री केत्वरिष्टनिवाकाभ्या श्रीमल्लिनाथ-पार्श्वनाथ जिनेन्द्राभ्या पुष्प०

विंजन बहुत प्रकार, षट्रस स्वाद मई
चरु जिनवर चरण चढ़ाय, कंचन थार लई।। मैं पूजों० ।।

ॐ ह्री केत्वरिष्टनिवाकाभ्या श्रीमल्लिनाथ-पार्श्वनाथ जिनेन्द्राभ्या नैवेद्य०

मणि दीपक तुप भराय, चंद्रककी बाती
जगज्योति जहाँ लहकाय, मोह-तिमिर घाती।। मैं पूजों० ।।

ॐ ह्रीं केत्वरिष्टनिवाकाभ्या श्रीमल्लिनाथ-पार्श्वनाथ जिनेन्द्राभ्या दीपं०

कृष्णागरु चंदन लाय, धूप दहन खेई
मोदित सुरगण ह्वै जाय, रुचि सेती लेई।। मैं पूजों० ।।

ॐ ह्री केत्वरिष्टनिवाकाभ्या श्रीमल्लिनाथ-पार्श्वनाथ जिनेन्द्राभ्या धूप०

बहु चोच मोच बादाम, श्रीफल फल देई
अमृत फल सुख बहु धाम, लीजे मन लाई।। मैं पूजों० ।।

ॐ ह्री केत्वरिष्टनिवाकाभ्या श्रीमल्लिनाथ-पार्श्वनाथ जिनेन्द्राभ्या फल०

जल चन्दन सुमन सुलेय, तंदुल अघहारी
चरु दीप धूप फल लेय, अर्घं करुँ भारी।। मैं पूजों० ।।

ॐ ह्रीं केत्वरिष्टनिवाकाभ्या श्रीमल्लिनाथ-पार्श्वनाथ जिनेन्द्राभ्या अर्घं०

अडिल्ल छन्द ।

लै वसु द्रव्य विशेष सु मंगल गायके।
गीत नृत्य करवाय जु तूर बजायके।।
मनमें हर्ष बढाय, अर्घं पूरण करौं।
केतु दोषको मेंट पाप सब परिहरौं।।

ॐ ह्री केत्वरिष्टनिवाकाभ्या श्रीमल्लिनाथ-पार्श्वनाथ जिनेन्द्राभ्या महार्घ०

जयमाला ।

जय मल्लि जिनेसुर, सेव करैं सुर, पार्श्वनाथ जिनचरण नमों ।
मन वच तन लाई, अस्तुति गाई,करौं आरती पाप गमों।।

पद्धडी छन्द ।

जय जय त्रिभुवनपति देव देव, इन्द्रादिक सुरनर करहिं सेव ।
जय जय निजगुण ज्ञायक महंत, गुण वर्णन करत न लहत अंत।।

जय जय परमातम गुण अरिष्ट, भव पद्धति नाशन परम इष्ट ।
जय जय अष्टादश दोष नाश, कर दिन सम लोकालोक भास।।
जय जय वसुकर्म कलंक छीन, सम्यक्त्व आदि वसु सुगुणलीन ।
जय जय वसु प्रतिहारज अनूप, वसुनी शुभ भूमिके भये भूप।।
जय जय अदेह तुम देह धार, वर्णादि रहित में रुप सार ।
जय जय अजरामर पदप्रधान, गुणज्ञान आलोकालोक मान।।
जय जय सुखसाता बोधदर्श, निजगुणजुत परगुण नहीं पर्श ।
जय जय चित शुद्ध समुद्र सार, कर जोर नमों हों बार बार।।

ॐ ह्री केत्वरिष्टनिवाकाभ्या श्रीमल्लिनाथ-पार्श्वनाथ जिनेन्द्राभ्या अर्घ०

आशीर्वाद ।.

अथ नवग्रह शान्ति स्नोत्रम् ।

जगद्गुरुं नमस्कृत्य श्रुत्वा सद्गुरुभाषितम्।
ग्रह शान्तिं प्रवक्ष्यामि, लोकानां सुखहेतवे।।
जिनेन्द्रा खेचरा ज्ञेया पूजनीया विधिक्रमात्।
पुष्पैर्विलेपनैर्धूपैर्नैवेद्यैस्तुष्टिहेतवे।।
पद्मप्रभस्य मार्तणडश्चन्द्रप्रभस्य च।
वासुपूज्यस्य भूपुत्रो, बुधश्चाष्टजिनेशिनाम्।।
विमलानन्तधर्मेशशान्तिकुंथुनमेस्तथा।
वर्धमानजिनेन्द्रस्य पादद्मं बुधो नमेत्।।
ऋषभाजितसुपार्श्वा. साभिनन्दनशीतलौ।
सुमतिः सम्भवस्वामी श्रेयांसेषु वृहस्पतिः।।
सुविधि कथित शुक्रे, सुव्रतश्च शनिश्चवरे।
नेमनाथो भवेद्राहो केतु श्रीमल्लिपार्श्वयोः।।
जन्मलग्नं च राशिं च, यदि पीडयन्ति खेचराः।

तदा संपूजयेत् धीमान्, खेचरान् सह तान् जिनान्।।
आदित्यसोममंगलबुधगुरुशुक्रे शनिः।
राहुकेतुमेरवाग्रे या जिनपूजविधायक।।
जिनान् नमोऽग्नतयोहिं, ग्रहाणां तुष्टिहेतवे।
नमस्कारशंत भक्त्या, जपेदष्टोत्तरं शतं।।
भद्रबाहुगुरुर्वाग्मी, पंचम श्रुतकेवली।
विद्याप्रसादतः पूर्व ग्रहशान्तिविधिः कृता।।
यः पठेत् प्रातरुत्थाय शुचिर्भूत्वा समाहितः।
विपत्तितो भवेच्छान्ति. क्षेमं तस्य पदे पदे।।

नव ग्रहों के जाप्य

ॐ ह्रीं क्लीं श्रीं श्रीं सूर्यग्रह अरिष्टनिवारक श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्राय नमः शांति कुरु कुरु स्वाहा ।।१।। ७००० जाप्य।

ॐ ह्रीं क्रौं श्रीं क्लीं चन्द्रारिष्टनिवारक श्री चन्द्रप्रभ जिनेन्द्राय नम शांति कुरु कुरु स्वाहा ।।२।। ११००० जाप्य।

ॐ आं क्रौं ह्रीं श्रीं क्लीं भौमारिष्टनिवारक श्रीपद्मप्रभ जिनेन्द्राय नमः शांति कुरु कुरु स्वाहा ।।३।। १०००० जाप्य।

ॐ ह्रीं क्रौं आँ श्रीबुधग्रहारिष्टनिवारक श्री विमल अनंत धर्म शांति कुन्थु अरह नमि वर्धमान अष्ट जिनेन्द्रेभ्यो नम. शांति कुरु कुरु स्वाहा ।।४।। ८००० जाप्य।

ॐ औं क्रौं ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं गुरु अरिष्ट निवारक ऋषभ अजित संभव अभिनन्दन सुमति सुपारस शीतल श्रेयांस अष्ट जिनेन्द्रेभ्यो नमः शांति कुरु कुरु स्वाहा ।।५।। १९००० जाप्य।

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ह्रीं शुक्र अरिष्टनिवारक श्री मुनिसुव्रतनाथ जिनेन्द्राय नमः शांति कुरु कुरु स्वाहा ।।७।। २३००० जाप्य।

ॐ ह्रीं क्लीं ह्रूँ राहु ग्रहारिष्टनिवारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय नम शांति कुरु कुरु स्वाहा ।।८।। १८००० जाप्य।

ॐ ह्रीं क्लीं ऐं केतु अरिष्टनिवारक श्री मल्लिनाथ जिनेन्द्राय नम शांति कुरु कुरु स्वाहा ।।९।। ७००० जाप्य।

अभिषेक पूजन विधान के बाद इन जाप्यों को जपना चाहिये। फिर शांति विसर्जन करें।

।। ॐ नम सिद्धेभ्य. ।।

नवग्रह अरिष्टनिवारक पूजा

प्रशम्याद्यन्ततीर्थेश, धर्म-तीर्थप्रवर्तकम् ।
भव्यविघ्नोपशान्त्यर्थ ग्रहार्चा वर्ण्यते मया ।।

मार्तंडेन्दुकुजसौम्य-, सूरसूर्यकृतांतका ।
राहुश्च केतुसंयुत्को, ग्रहशांतिकरा नव ।।

दोहा ।

आदि अन्त जिनवर, नमों, धर्म प्रकाशनहार ।
भव्य विघ्न उपशांत को,ग्रहपूजा चित धार ।।

कालदोष परभावसौं, विकलप छूटे नाहि ।
जिनपूजामें ग्रहनकी, पूजा मिथ्या नाहि ।।

इस ही जम्बूद्वीप में, रवि शशि मिथुन प्रमान ।
ग्रह नक्षत्र तारा सहित, ज्योतिष चक्र प्रमान ।।

तिनहीके अनुसार सौं, कर्म चक्र की चाल ।
सुख दुख जानै जीवकौ, जिनवच-नेत्र विशाल ।।

ज्ञान प्रश्न व्याकर्णमें प्रश्न अंग है आठ ।
भद्रबाहु मुख जनित जो, सुनत कियो मुख पाठ ।।

अवधि धार मुनिराजजी, कहे पूर्व कृत कर्म ।
उनके वचन अनुसारसौं, हरे हृदयको भर्म ।।

समुच्चय पूजा।

दोहा ।

अर्क चन्द्र कुज सोम गुरु, शुक्र शनिश्चर राहु ।
केतु ग्रहारिष्ट नाशने, श्री जिनपूज रचाहु ।।

ॐ ह्री सर्वग्रह-अरिष्ट-निवारक चतुर्विंशतिजिना अत्र अवतरत अवतरत सवौषट् (आहवननम्), अत्र तिष्ठत तिष्ठत ठ ठ (स्थापनम्, अत्र मम सन्निहिता भवत भवत वषट् (सन्निधिकरणम्)।

अष्टक ।

गीतिका छन्द।

क्षीरसिंधु समान उज्ज्वल, नीर निर्मल लीजिये ।
चौवीस श्रीजिनराज आगे, धार त्रय शुभ दीजिये ।।
रवि सोम भूमज सौम्य गुरु कवि, शनि नमो पूतकेतवै ।
पूजिये चौवीस जिन, ग्रहारिष्ट नाशन हेतवै ।।

ॐ ह्री सर्वग्रहारिष्टनिवारकचतुर्विंशतितीर्थंकरजिनेन्द्रेभ्य पचकल्याक प्राप्तेभ्यो जल निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीखण्ड कुंकुम हिम सुमिश्रित, घिसौं मनिका चावसौं ।
चौवीस श्री जिनराज अघहर, चरण चरचौं भावसौं ।। रवि० ।।

ॐ ह्री सर्वग्रहारिष्टनिवारकचतुर्विंशतितीर्थंकरजिनेन्द्रेभ्य पचकल्याणक प्राप्तेभ्यो चन्दन निर्वपामीति स्वाहा।

अक्षत अखण्डित सालि तंदुल, पुंज मुक्ताफलसम ।
चौवीस श्रीजिनराज पूजन, नाश ह्वैं नव ग्रह भ्रम ।। रवि० ।।

ॐ ह्री सर्वग्रहारिष्टनिवारकचतुर्विंशतितीर्थंकरजिनेन्द्रेभ्य पचकल्याणक प्राप्तेभ्यो अक्षत निर्वपामीति स्वाहा।

कुंद कमल गुलाब केतकि, मालती जाही जुही ।
कामबाण विनाश कारण, पूजि जिनमाला गुही ।। रवि० ।।

ॐ ह्री सर्वग्रहारिष्टनिवारकचतुर्विशतितीर्थकरजिनेन्द्रेभ्य पचकल्याणक प्राप्तेभ्यो पुष्प निर्वपामीति स्वाहा।

फैनी सुहारी पुवा पापर, लेऊ मोदक घेवर ।
शतछिद्र आदि विविध विंजन, क्षुधाहर बहु सुखकरं ।। रवि० ।।

ॐ ह्री सर्वग्रहारिष्टनिवारकचतुर्विशतितीर्थकरजिनेन्द्रेभ्य पचकल्याणक प्राप्तेभ्यो नैवेद्य निर्वपामीति स्वाहा।

मणिदीप जगमग जोत तमहर, प्रभू आगे लाइये ।
अज्ञान नाशक निज प्रकाशक, मोह तिमिर नसाइये ।। रवि० ।।

ॐ ह्री सर्वग्रहारिष्टनिवारकचतुर्विशतितीर्थकरजिनेन्द्रेभ्य पचकल्याणक प्राप्तेभ्यो दीप निर्वपामीति स्वाहा।

कृष्णा अगर घनसार मिश्रित, लोग चन्दन लेइये ।
ग्रहारिष्ट नाशन हेत भवि जन, धूप जिन पद खेइये ।। रवि० ।।

ॐ ह्री सर्वग्रहारिष्टनिवारकचतुर्विशतितीर्थकरजिनेन्द्रेभ्य पचकल्याणक प्राप्तेभ्यो धूप निर्वपामीति स्वाहा।

बादाम पिस्ता सेव श्रीफल, मोच नीबू सद फल ।
चौवीस श्रीजिनराज पूजत, मनोवांछित शुभ फल ।। रवि० ।।

ॐ ह्री सर्वग्रहारिष्टनिवारकचतुर्विशतितीर्थकरजिनेन्द्रेभ्य पचकल्याणक प्राप्तेभ्यो फल निर्वपामीति स्वाहा।

जल गध सुमन अखण्ड तन्दुल, चरु सुदीप सुधूपक ।
फल द्रव्य दूध दही सुमिश्रित, अर्घ देय अनूपकं ।। रवि० ।।

ॐ ह्री सर्वग्रहारिष्टनिवारकचतुर्विशतितीर्थकरजिनेन्द्रेभ्य पचकल्याणक प्राप्तेभ्यो अर्घ निर्वपामीति स्वाहा।

प्रत्येक अर्घं

अडिल्ल-सलिल गंदाले फूल सुगन्धित लीजिए।
तन्दुल ले चरु दीपक धूप खेवीजिये।।
फल ले अर्घं बनाय प्रभू पद पूजिये।।
रवि अरिष्ट को दोष तुरत तहे धूजिये।

ॐ ह्री रवि अरिष्ट निवारक श्री पद्मप्रभु जिनेन्द्राय अर्घं ।।१।।

जल चन्दन बहु फूल सु तन्दुल लीजिये।
दुग्ध शर्करा राशि हित सु व्यंजन कीजिये।।
दीप धूप फल अर्घं बनाय धरीजिये।
शीस जिनेन्द्र को नवाय अरिष्ट हरीजिये।।

ॐ ह्रीं चन्द्रारिष्ट निवारक चन्द्रप्रभु जिनेन्द्राय अर्घं।।२।।

सुरभित जल श्रीखण्ड कुसुम तन्दुल भले।
व्यंजन दीपक धूप सदा फल सो रले।।
वासु पूज्य जिनराय अर्घं शुभ दीजिये।
मंगल ग्रह को रिष्ट नाश कर लीजिये।।

ॐ ह्री भौमारिष्ट निवारक वासुपूज्य-जिनाय नम अर्घं।।३।।

शुभसलिलचन्दनसुमनअक्षतक्षुधाहरचरुलीजिये।
मणिदीप धूप सुफल सहित बसु दरब अर्घं जु दीजिये।
विमलनाथ अनन्तनाथ सु धर्मनाथ जु शांतये।
कुन्थु अरह जु नमि जिन महावीर आठ जिनं यजे।।

ॐ ह्री सौम ग्रहारिष्ट निवारक अष्ट जिनेन्द्रेभ्यो अर्घं।।४।।

जल चन्दन फूलं तन्दुल मूलं चरु दीपक ले धूप फलं।
बसु विधि से अर्चे बसुविधि चर्चे कीजे अविचल
मुक्ति धरं।।
ऋषभ अजित सम्भव अभिनन्दन सुमति।
सुपारसनाथ वरं।

शीतलनाथश्रेयांसजिनेश्वरपूजतसुरगुरुदोषहरं।।

ॐ ह्री सुर गुरु दोष निवारक वसु जिनवरभ्यो अर्घं।।५।।

जल चन्दन ले पुष्प और अक्षत घने,
चरु दीपक बहु धूप सु फल अति सोहने।।
गीत नृत्य गुण गाय अर्घ पूरन करैं।
पुष्पदन्त जिन पूज शुक्र दूषण हरैं।।

ॐ ह्री शुक्ररिष्ट निवारक पुष्पदन्त जिनाय अर्घ।।६।।

प्राणी नीरादिकर बसु द्रव्य ले, मन वच काय लगाय।।
अष्ट कर्म को नाश हैव अष्ट महा गुण पाय हो।
प्राणी मुनिसुव्रत जिन पूजिये।।
ए जी रवि सुत सहज दुख जाय।
प्राणी मुनिसुव्रत जिन पूजिये।।

ॐ ह्री शनि अरिष्ट नाशक मुनिसव्रत जिनेन्द्राय अर्घ।।७।।

जल गन्ध पुष्प अखण्ड अक्षय चरु मनोहर लीजिए।
दीप धूप फलोघ सुन्दर अर्घं जिन पद दीजिए।
जब राहु गोचर रासि में दुख देइ दुष्ट सुभावसों।।
तब नेमि जिनके भाव सेति चरण पूजै चावसों।

ॐ ह्री राहु अरिष्ट नाशक नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ।।८।।

जल चन्दन सुमन सु लाय तन्दुल अघ हारी।
चरु दीप धूप फल लाय अर्घं करों भारी।।
मैं पूजों मल्लि जिनेश पारस सुखकारी।
ग्रह केतु अरिष्ट निवार मन सुख हितकारी।।

ॐ ह्री केतु अरिष्ट निवारक मल्लि पार्श्व जिनाभ्याम् अर्घ।।९।।

रवि शशि मंगल सौम गुरु भृगु शनि राहु सुकेतु।
इनको रिष्ट निवार करे अर्चे जिन सुख हेतु।।

ॐ ह्री सर्व ग्रहारिष्ट निवारक चतुर्विंशति जिनेभ्यो अर्घं।।१०।।

जयमाला

दोहा—श्री जिनवर पूजा किये, ग्रहअरिष्ट मिट जाय ।
पंच ज्योतिषी देव सब, मिल सेवें प्रभु पायं ।।

पद्धरी छंद

जय जय जिन आदिमहंत देव, जय अजित जिनेश्वर करहि सेव ।
जय जय संभव संभव निवार, जय जय अभिनन्दन जगत तार ।।
जय सुमति सुमति दायक विशेष, जय पद्मप्रभु लख पदम लेष ।
जय जय सुपार्स हर कर्म फास, जय जय चन्द्रप्रभु सुख निवास ।।
जय पुष्पदन्त कर कर्म अंत, जय शीतल जिन शीतल करंत ।
जय श्रेय करन श्रेयांस देव, जय वासुपूज्य पूजत सुमेव ।।
जय विमल विमल कर जगतजीव, जय जय अनंत सुख अति सदीव ।
जय धर्म धुरन्धर धर्मनाथ, जय शांति जिनेश्वर मुक्ति साथ ।।
जय कुंथनाथ शिव सुखनिधान, जय अरहजिनेश्वर मुक्तिथान ।
जय मल्लिनाथ पद पद्म भास, जय मुनिसुव्रत सुव्रत प्रकाश ।।
जय नमिदेव दयाल संत, जय नेमनाथ तसु गुण अनत ।
जय पारस प्रभु संकट निवार, जय वर्धमान आनन्दकार ।।
नव ग्रह अरिष्ट जब होय आय, तब पूजै श्रीजिनदेव पाय ।
मन वच तन मन सुखसिंधु होय, ग्रह शांति रीत यह कही जोय ।।

ॐ ह्री सर्वग्रहारिष्टनिवारकचतुर्विंशतितीर्थंकरजिनेन्द्रेभ्य पचकल्याणक-प्राप्तेभ्य अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा—चौबीसौं जिनदेव प्रभु, ग्रह सम्बन्ध विचार ।
पुनि पूजों प्रत्येक तुम, जो पाऊं सुख सार ।।

सर्वग्रह शान्ति मन्त्र

ॐ हां हीं हूँ हौं ह्र अ सि आ उ सा सर्वशान्ति कुरु कुरु स्वाहा
(प्रात इस मन्त्र की माला फेरने से सर्वग्रहों की शान्ति होती है।)

अथ नवग्रहशांति स्तोत्र

जगद्गुरुं नमस्कृत्य, श्रुत्वा सद्गुरुभाषितं।
ग्रहशांति प्रवक्ष्यामि, लोकानां सुखहेतवे।।
जिनेन्द्राः खेचराज्ञेया, पूजनीयाविधिक्रमात्।
पुष्पैर्विलेपनैर्धू   पैर्नैवद्यैस्तुष्टिहेतवे।

पद्मप्रभस्य मार्तण्डश्चन्द्रश्चन्द्रप्रभस्य च।
वासुपूज्यस्य भूपुत्रो, बुधश्चाष्टजिनेशिनां।।

विमलानन्तधर्मेश-शांतिकुन्थ्वरहनमि।
वर्द्धमानजिनेन्द्राणां, पादपद्मं बुधो नमेत्।।

ऋषभाजितसुपार्श्वा साभिनन्दनशीतलौ।
सुमतिः सम्भवस्वामी, श्रेयांसेषु बृहस्पतिः।।

सुविधिः कथित शुक्रे, सुव्रतश्च शनैश्चरे।
नेमिनाथो भवेद्राहो., केतुः श्रीमल्लिपार्श्वयोः।

जन्मलग्नं च राशिं च, यदि पीडयन्ति खेचरा.।
तदा संपूजयेद् धीमान्-खेचरान् सह तान् जिनान्।।

भद्रबाहुगुरुर्वाग्मी, पंचम श्रुतकेवली।
विद्याप्रसादत पूर्वं ग्रहशांतिविधिः कृता।।
य पठेत् प्रातरुत्थाय, शुचिर्भूत्वा समाहित.।
विपित्तितो भवेच्छांति. क्षेमं तस्य पदे पदे।।

प्रात काल इस स्तोत्र का पाठ करने से क्रूरग्रह अपना असर नही करते। किसी ग्रह के असर होने पर २७ दिन तक प्रति दिन २१ बार पाठ करने से अवश्य शान्ति होगी।

नव ग्रहों के जाप्य

ॐ ह्रीं क्लीं श्रीं श्रीं सूर्यग्रह अरिष्टनिवारक श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्राय नमः शांति कुरु कुरु स्वाहा ।।१।। ७००० जाप्य।

ॐ ह्रीं क्रौं श्रीं क्लीं चन्द्रारिष्टनिवारक श्री चन्द्रप्रभ जिनेन्द्राय नमः शांति कुरु कुरु स्वाहा ।।२।। ११००० जाप्य।

ॐ आं क्रौं ह्रीं श्रीं क्लीं भौमारिष्टनिवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः शांति कुरु कुरु स्वाहा ।।३।। १०००० जाप्य।

ॐ ह्रीं क्रौं आं श्रीबुधग्रहारिष्टनिवारक श्री विमल अनंत धर्म शांति कुन्थु अरह नमि वर्धमान अष्ट जिनेन्द्रेभ्यो नमः शांतिं कुरु कुरु स्वाहा ।।४।। ८००० जाप्य।

ॐ औं क्रौं ह्रीं श्री क्लीं ऐं गुरु अरिष्ट निवारक ऋषभ अजित संभव अभिनन्दन सुमति सुपारस शीतल श्रेयांस अष्ट जिनेन्द्रेभ्यो नमः शांतिं कुरु कुरु स्वाहा ।।५।। १९००० जाप्य।

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ह्रीं शुक्र अरिष्टनिवारक श्री पुष्पदन्त जिनेन्द्राय नम शांति कुरु कुरु स्वाहा ।।६।। ११००० जाप्य।

ॐ ह्रीं क्रों ह. श्रीं शनि ग्रह अरिष्टनिवारक श्री मुनिसुव्रतनाथ जिनेन्द्राय नम. शांतिं कुरु कुरु स्वाहा ।।७।। २३००० जाप्य।

ॐ ह्रीं क्लीं ह्रू राहु ग्रहरिष्टनिवारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय नम शांतिं कुरु कुरु स्वाहा ।।८।। १८००० जाप्य।

ॐ ह्रीं क्ली ऐ केतु अरिष्टनिवारक श्री मल्लिनाथ पार्श्वनाथ जिनेन्द्राभ्यां नमः शाति कुरु कुरु स्वाहा ।।९।। ७००० जाप्य।

अभिषे पूजन विधान के बाद इन जाप्यों को जपना चाहिए। फिर शांति विसर्जन करें।

ॐ नमः सिद्धेभ्यः ।

श्री स्वरूपचन्दजी विरचित

चौसठ ऋद्धि पूजा

।। दोहा ।। (वृहत्गुर्वावली पूजा)

सारासार विचार करि, तजि संसृतिको भार।
धारा धरि निज ध्यान की, भये सिंधु भव पार।। १ ।।

भूत भविष्यत काल के, वर्तमान ऋषिराज।
तिनके पद को नमन करि, पूज रचों शिव काज।। २ ।।

स्तुति– मदावलिप्तकपोल छंद।

यह संसार असार दुखमय जानि निरंतर,
विषय-भोग धन धान्य त्यागि सब भये दिगम्बर।
परपरणति परिहार लगे निजपरणति माहीं,
